फिनटेक ओपन हैकथॉन

नीति आयोग, PhonePe (डिजिटल भुगतान सेवा प्रदाता) के सहयोग से पहली बार सभी के लिये (**ओपन-टू-ऑल) फिनटेक ओपन हैकथॉन** की मेज़बानी करेगा, जिसका उद्देश्य फिनटेक पारिस्थितिकी तंत्र के लिये पथ-प्रदर्शक समाधान प्रस्तुत करना है।

फिनटेक:

- फिनटेक 21वीं सदी में उभरते वित्तीय सेवा क्षेत्र का वर्णन करता है।
- मूल रूप से यह स्थापित उपभोक्ता और व्यापार, वित्तीय संस्थानों के बैक-एंड पर आधारित प्रौद्योगिकी पर लागू होता है।
- 21वीं सदी के पहले दशक की समाप्ति के बाद से वित्तीय क्षेत्र में किसी भी तकनीकी नवाचार को शामिल करने के लिये इस शब्द का विस्तार किया गया है, जिसमें **वित्तीय साक्षरता और शिक्षा, खुदरा बैंकिंग, निवेश, यहाँ तक कि बिटकॉइन जैसी क्रिप्टो-मुद्राओं में नवाचार** शामिल हैं।

फिनटेक ओपन हैकथॉन:

- हैकथॉन पूरे भारत में नवप्रवर्तनकर्त्ताओं, डिजिटल रचनाकारों और डेवलपर्स के लिये आदर्श कोड (**Ideate and Code)** पर विचार करने का अवसर प्रदान करेगा तथा विजेता टीमें 5 लाख रुपए के आकर्षक नकद पुरस्कार जीतने के हकदार होती हैं।
- हैकथॉन में प्रतिभागियों को निम्नलिखित कार्यों के लिये आधार के रूप में '**अकाउंट एग्रीगेटर**' जैसे फ्रेमवर्क के साथ 'फोन-पे पल्स' जैसे किसी भी ओपन-डेटा एपीआई (**एप्लीकेशन प्रोग्राम इंटरफेस**) का उपयोग करने की आवश्यकता होती है:
  - वित्तीय समावेशन पर ध्यान देने के साथ उधार, बीमा या निवेश के लिये वैकल्पिक जोखिम मॉडल।
  - वित्तीय सेवाओं को व्यापक रूप से अपनाने हेतु विभिन्न जनसांख्यिकी और भौगोलिक क्षेत्रों के लिये पावर डेटा संकेतों का उपयोग करने वाले अभिनव उत्पाद।
  - डिजिटल भुगतान डेटा के आधार पर बेहतर विज़ुअलाइज़ेशन और इंटेलिजेंस।
  - प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत एप में उपरोक्त में से कोई एक शामिल होना चाहिये।
- प्रतिभागी फोनपे पल्स, ओपन गवर्नमेंट डेटा प्लेटफॉर्म और RBI (भारतीय रिज़र्व बैंक) जैसे डेटा स्रोतों का उपयोग भुगतान पर रिपोर्ट जमा करने हेतु कर सकते हैं।
- इसके अलावा वे अपने हैक विकसित करने के लिये सेतु एप सैंडबॉक्स या सेतु पेमेंट्स सैंडबॉक्स के साथ-साथ किसी भी अन्य ओपन डेटा प्लेटफॉर्म तक पहुँच सकते हैं, जिसके बारे में वे जानते हैं।
- कार्यक्रम के अंत तक प्रतिभागियों को अपने हैक का एक कार्यशील प्रोटोटाइप न्यायाधीशों को प्रस्तुत करना होगा, जिसके बाद प्रत्येक हैक को कुछ मापदंडों के आधार पर आँका जाएगा।

स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/fintech-open-hackathon